Bharat Temples

आयी है नवरात्रो की बहार

आयी है नवरात्रो की बहार नाचो रे सब झूम झूम के
नाचो रे सब झूम झूम के
माँ का प्यारा सजा है दरबार
नाचो रे सब झूम झूम के

भगतो के दु:ख हरने आज माँ भगतो के घर आई,
साथ में हनुमंत वीर और भैरव संग में लाइ
होके आई है माँ शेर पे सवार
नाचो रे सब झूम झूम के

लाल ही चोला लाल है चुनरियाँ चुडा लाल है साजे
कानो में कुंडल माथे पे बिंदियाँ पाओ पैजनियाँ बाजे
माँ करके बैठी है सोला शिंगार
नाचो रे सब झूम झूम के

सब के ही काज सवारेगी मैया सब के बेड़े तारे गी
भर देगी खुशियों से झोली सोये भाग जगा देगी
माँ ने खोले है दया के भंडार नाचो रे सब झूम झूम के

अब के नोराते माँ से भगतो मन चाहा फल पा लो
भरेगी झोली मैया मोरी श्रधा से माँ को मना लो
माँ प्रीत भगतो से करती अपार
नाचो रे सब झूम झूम के

Source: https://www.bharattemples.com/aai-hai-navrato-ki-bahaar/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw